# जमीन पर उतरेंगे 7.5 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट

**तैयारी**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी सरकार 7.5 लाख करोड़ रुपये की 10,441 निवेश परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की तैयारी है। इनमें अधिकांश अब अंतिम चरण में हैं। जल्दी ही ये परियोजनाएं धरातल पर दिखाई देंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी ने 2017 से 2022 के बीच विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से लगभग 4,12,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है। वहीं 2022 से अब तक प्रदेश सरकार ने निवेश सारथी पोर्टल पर 39.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 29 हजार निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

वर्ष 2017-22 के बीच दायर औद्योगिक उद्यमी ज्ञापन पार्ट -दो की स्थिति के अनुसार, 43,700 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 227 परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा अन्य भूमि आवंटन के माध्यम से लगभग 95,500 करोड़ रुपये के निवेश शुरू किया गया है और वित्त वर्ष 2017 से 2022 के बीच 5.20 लाख इकाइयां लगी हैं।

## अंतिम चरण की प्रक्रिया से गुजर रहे कई निवेश प्रस्ताव

निवेश प्रस्तावों में से कई जमीन पर कार्य शुरू कर चुके हैं तो कई ऐसी परियोजनाएं हैं जो अंतिम चरण की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। जल्द ही ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से इन्हें जमीन पर उतारा जाएगा।